भारतीय मूल की निकी हेली संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत नियुक्त

अंतर्राष्ट्रीय खबर

अमेरिकी सीनेट ने भारतीय मूल की निकी हेली को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत नियुक्त किया है. वह अमेरिका के किसी भी राष्ट्रपति के प्रशासन में केबिनेट रैंक का पद हासिल करने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गयी. निकी हेली वर्तमान में अमेरिका में दक्षिण केरोलीना की गवर्नर है.

- निक्की हेली का पूरा नाम नम्रता रंधावा है. निक्की हेली भारत में पंजाब के अमृतसर की निवासिनी हैं.
- निम्रता निक्की रंधावा हेली का जन्म अमेरिका के बमबर्ग में 20 जनवरी 1972 को भारतीय सिख परिवार में हुआ.
- निक्की हेली ने आर्मी नेशनल गार्ड के कैप्टन माइकल हेली से शादी दोनों रीतियों पंजाबी और क्रिश्चियन से की.
- निकी हेली संयुक्त राष्ट्र में समांथा पावर की जगह लेंगी.
- पहले भी निकी हेली अमेरिका में अन्य महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रही हैं. निक्की हेली को भारतीय मूल की दूसरी अमेरिकी गवर्नर और पहली महिला गवर्नर होने का गौरव हासिल है.
- वह किसी अमेरिकी राज्य की पहली भारतीय-अमेरिकी महिला गवर्नर हैं.
- 45 वर्षीय निकी हेली के स्थान पर अब लेफ्टिनेंट गवर्नर हेनरी मैकमास्टर को नियुक्त किया गया है.
- निकी हेली का बचा हुआ कार्यकाल गवर्नर के रूप में मैकमास्टर द्वारा पूरा किया जाएगा.
- दक्षिण केरोलीना की गवर्नर निकी हेली कार्यकाल वर्ष 2018 में पूरा होना है.

पहली महिला फुटबॉल लीग 28 जनवरी से शुरू होगी

खेल

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ(एआईएफएफ) देश की पहली महिला फुटबाल लीग का आयोजन यहां डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में 28 जनवरी से 15 फरवरी तक करेगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी।

- एआईएफएफ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने केंद्रीय खेल मंत्री विजय गोयल की

मौजूदगी में एआईएफएफ की भारतीय महिला फुटबाल लीग की मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की।

- इस अवसर पर रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और एआईएफएफ की महिला विंग की चेयरपर्सन सारा पायलट भी मौजूद थीं।
- महिला लीग में भाग ले रही टीमों में जेपीआर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी, एजल फुटबॉल क्लब, राइजिंग स्टूडेंट्स क्लब(ओड़िशा), एफसी पुणे सिटी, ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन और फुटबॉल क्लब अलापुरा शामिल हैं।
- इन टीमों की कप्तान क्रमश: सुमित्रा, के लालरूईजेली, सष्मिता मलिक, डालिमा छिब्बर, बेम बेम देवी और संजू को बनाया गया है। हरियाणा की संजू एआईएफएफ की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उभरती खिलाड़ी हैं।
- छह टीमों की इस लीग में सभी टीमें राउंड राबिन आधार पर एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। फाइनल 15 फरवरी को खेला जाएगा।
- लीग की सभी छह कप्तानों ने इस पहल को अभूतपूर्व बताते हुये कहा कि इससे भारतीय महिला फुटबाल को बढ़ावा मिलेगा और वे भी प्रोफेशनल स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस -25 जनवरी

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। यह दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। इस अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें और लोगों को मतदाता दिवस की शपथ भी दिलवाई जाएगी। 7वें मतदाता दिवस से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त नसीम जैदी ने कहा है कि आने वाले समय में चुनाव आयोग नए वोटर और जल्द वोटर बनने वाले युवाओं को मतदान के बारे में बताएगा।

- लोकतंत्र में लोगों की सहभागिता इसकी मजबूती को दर्शाती है।चुनाव आयोग अब इस बात से और आगे बढ रहा है।
- चुनाव आयोग देश में मौजूद 18 साल के मतदाताओं को तो हर हाल में मतदान प्रक्रिया में शामिल ही कर रहा है अब वो 15 से 17 साल के बालक बालिकाओं को भी मतदान के प्रति जागरूक करना चाहता है ताकि जब वे मतदान के योग्य हो तो पूरी समझदारी से वोट कर पाए।
- नई दिल्ली में युवा एंव भावी मतदाताओं के सशक्तिकरण के लिए अन्तर्राास्ट्रीय सेमीनार में मुख्य चुनाव आयूक्त डा नसीम जैदी कहा कि आयोग 15 से 17 साल के बालक बालिकाओं के लिए वोटर जागरूकता की रूपरेखा बना रहा है।
- युवा एंव भावी मतदाताओं के सशक्तिकरण के लिए अन्तर्राास्ट्रीय सेमीनार में भारत के चुनाव आयोग और आष्ट्रेलिया,बोस्निया हरजेगोविना, फीजी और नेपाल के साथ चुनाव सहभागिता को लेकर आपसी समझौते भी किए गए।

राष्ट्रीय खबर

- 25 जनवरी को देश 7 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस भी मनाने जा रहा है जिसमें आयोग सिर्फ उच्च मतदान ही नहीं बल्कि नैतिक मतदान को भी बढ़ावा दे रहा है। ऋषि कुमार डीडी न्यूज दिल्ली।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को बधाई दी। साथ ही सभी युवा मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

शरद पवार और मुरली मनोहर जोशी को पद्म विभूषण, कोहली को पद्मश्री सम्मान

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों का ऐलान कर दिया है. इस बार 89 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई है, जिसमें से 7 पद्म विभूषण पुरस्कार है. गायक के जे यसुदास, आध्यात्म के क्षेत्र में सद्गुरु जग्गी वसुदेव, सार्वजनिक क्षेत्र में योगदान के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी के नाम हैं.

- गृह मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पद्म विभूषण के लिए नामित अन्य हस्तियों में विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रो. उडिपी रामचंद्रराव, सार्वजनिक क्षेत्र में योगदान के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता सुंदरलाल पटवा (मरणोपरांत) और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पीए संगमा (मरणोपरांत) को चुना गया.
- भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली समेत आठ खिलाड़ियों को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से नवाजा जायेगा. कोहली के अलावा यह पुरस्कार पाने वाले सात अन्य खिलाड़ियों में रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक, परालम्पियन मरियाप्पन थंगावेलू और दीपा मलिक, जिम्नास्ट दीपा करमाकर, भारतीय हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश, चक्का फेंक खिलाड़ी विकास गौड़ा और दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम के कप्तान शेखर नाईक शामिल हैं.
- कोहली ने हाल ही में तीनों प्रारूपों में भारतीय क्रिकेट टीम की कमान संभाली है. साक्षी मलिक ने महिलाओं की 58 किलो कुश्ती में कांस्य पदक जीता था. थंगावेलू और दीपामलिक ने रियो परालम्पिक में पुरूषों की उंचीकूद टी 42 और महिलाओं की शाट पुट एफ 53 वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक जीते थे.
- दीपा रियो ओलंपिक में महिलाओं की वोल्ट जिम्नास्टिक स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं, जबकि श्रीजेश ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे. गौड़ा ने राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था.
- केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 89 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की. किसी खिलाड़ी को पद्म भूषण या पद्म विभूषण के लिये नहीं चुना गया है.

पुरष्कार

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्योटो प्रोटोकॉल की दूसरी प्रतिबद्धता अवधि के अनुसमर्थन को मंजूरी दी

केन्द्र सरकार ने 24 जनवरी 2017 को क्योटो जलवायु परिवर्तन के दूसरे प्रतिबद्धता काल को मंजूर करने पर सहमति जताई. क्योटो समझौते का उद्देश्य विश्व के विभिन्न देशों में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर नियंत्रण करना है.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में दूसरे प्रतिबद्धता काल को मंजूरी दी गयी. भारत ने वर्ष 2012 में इस समझौते को अंगीकार किया था. गौरतलब है कि अब तक 75 से अधिक देश दूसरे प्रतिबद्धता काल को मंजूरी प्रदान कर चुके हैं.
- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संरचना सम्मेलन (यूएनएफसीसी) में वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को स्थिर करने का आग्रह किया गया ताकि जलवायु प्रणाली में कम से कम हस्तक्षेप हो.
- क्योटो प्रोटोकॉल
- पर्यावरण एवं जलवायु में हो रहे परिवर्तनों तथा उन बदलावों के कारण हो रहे चिंताजनक परिणामों के संबंध में 1992 में एक समझौते के तहत कुछ मानदंड निर्धारित किये गये थे. इन मानदंडों के आधार पर ही वर्ष 1997 में क्योटो प्रोटोकॉल संधि हुई थी.
- वर्ष 2002 में जर्मनी में हुई जलवायु परिवर्तनों की वार्ता में इसे कुछ संशोधनों क पश्चात अंतिम रूप दिया गया.
- इस प्रोटोकॉल संधि के तहत औद्योगिक देश ग्रीन हाउस समूह की गैसों से होने वाले प्रदूषण को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है. इस समझौते के तहत अगले दस वर्ष में कार्बनडाईऑक्साइड की मात्रा को पांच प्रतिशत कम करना है.

राष्ट्रीय खबर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 जनवरी 2017 को वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को मंजूरी दी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना 2017 को शुरु करने के लिए स्वीकृति दे दी है.

राष्ट्रीय खबर

- वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजना के एक भाग के रूप में वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को मंजूरी मिली.
- इसे चालू वित्तवर्ष में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से लागू किया जाएगा.
- इस योजना के अंतर्गत 10 साल के लिए प्रतिवर्ष 8 प्रतिशत के सालाना गारंटीशुदा रिटर्न के साथ पेंशन सुविधा मुहैया कराएगी, जिसमें मासिक, त्रैमासिक, छमाही या वार्षिक आधार पर पेंशन लेने का विकल्प दिया जाएगा.
- इस योजना का उद्देश्य 60 वर्ष या उससे ऊपर के बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है.
- वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना 2017 शुभारंभ की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए सदस्यता हेतु खुली रहेगी. यह योजना सरकार की सामाजिक सुरक्षा तथा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का एक हिस्सा है.
- एलआईसी इस योजना के तहत प्राप्त रकम को निवेश करेगी, इस निवेश पर मिलने वाला रिटर्न यदि 8 प्रतिशत से कम होता है तो इसकी भरपाई सालाना आधार पर सब्सिडी के तौर पर करेगी.

विशाल कौल ओला के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नियुक्त

एप्प आधारित कैब सेवा प्रदान एकारने वाली कंपनी ओलाकैब्स ने विशाल कौल को ओला का चीफ अपरेटिंग ऑफिसर नियुक्त किया है. वर्तमान में विशाल कौल शीतल पेय कंपनी पेप्सीको के जनरल मैनेजर पद पर कार्यरत हैं.

- ओलाकैब्स ने भारतीय बाजार में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा को लेकर विशाल कौल को नियुक्त है. ओलाकैब्स कम्पनी भविष्य की योजनाओं को लेकर कार्यरत है.
- विशाल कौल पिछले 18 वर्ष से पेप्सीको में कार्यरत हैं.
- उन्होंने 1999 में पेप्सीको कम्पनी के साथ अपने कैरियर की शुरुआत की.
- विशाल की मार्केटिंग पर पकड़ जगजाहिर है।
- विशाल कौल के भारतीय और अंर्तराष्ट्रीय बाजार में अनुभव का हमें लाभ होगा और उनके अनुभव से हम अपने कारोबार को और अधिक विस्तार दे सकेंगे.
- विशाल कौल ओला के उद्देश्य के दृष्टिगत उपभोक्ता एवं ड्राइवर समुदाय के विस्तार में योगदान देंगे.
- विशाल कौल के पास ग्लोबल सीनियर बिजनेस लीडर के रूप में उनके पास मल्टी कन्ट्री पी एण्ड एल विकास तथा बड़ी मल्टी-कल्चरल क्रॉस-फंक्शनल टीमों के नेतृत्व का अनुभव है.

नियुक्ति

रिलायंस फाउण्डेशन की संस्थापक नीता अंबानी द मेट द्वारा सम्मानित

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक नीता अंबानी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए 24 जनवरी 2017 को प्रतिष्ठित मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ़ आर्ट (द मेट) द्वारा सम्मानित किया गया.

- नीता अंबानी को उत्कृष्ट कार्यों में दिए गये उनके योगदान के चलते उन्हें यह सम्मान दिया गया.
- नीता अंबानी यह सम्मान पाने वाली पहली एशियाई महिला हैं. द मेट ने नीता अंबानी द्वारा स्थापित रिलायंस फाउंडेशन की कार्यशैली से प्रभावित होकर उनका चयन किया.
- नीता अंबानी को यह सम्मान शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, ग्रामीण परिवर्तन, आपदा प्रतिक्रिया, महिला सशक्तिकरण और कला के संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो हेतु दिया गया.
- नीता अंबानी, द मेट से यह सम्मान प्राप्त करने वाली पहली एशियाई महिला भी बनीं.
- नीता अंबानी की अध्यक्षता में रिलायंस फाउंडेशन ने 10 मिलियन से अधिक भारतीयों को लाभांवित किया है.
- रिलायंस फाउंडेशन से भारत के 10,500 शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र जुड़े हुए हैं.
- न्यूयॉर्क में मेट के तीन संग्रहालय मौजूद हैं - द मेट फिफ्थएवेन्यू, द मेटब्रेयर और द मेटक्लाइस्टर्स. इन संग्रहालयों में पांच हज़ार वर्ष से अधिक पुरानी कलाकृतियां मौजूद हैं.

व्यक्ति

आज के दिन

25 जनुअरी 1914 के दिन दक्षिण अफ्रीका के डरबन शहर में एक भारतीय जनसमूह ने सर्वसम्मत रूप से महात्मा गाँधी और जनरल स्मट्स के बीच एक समझौते पर सहमती दी | यह समझौता 21 जनुअरी 1914 को हस्ताक्षरित किया गया था |

इस समझौते का नाम गाँधी-स्मट्स समझौता कहा जाता है | इसमें एक समिति ने अफ्रीका में बेस भारतियों के कई शर्तें मान लिए - £3 कर का निरसन किया गया, भारतीय विवाहों को मान्यता दी गयी, ब्लैक एक्ट का निरसन किया गया और आप्रवासन प्रतिबन्ध अधिनियम को हल्का किया गया | इसके बदले में गांधीजी ने सत्याग्रह आन्दोलन को रोकने का निर्णय लिया | इस समझौते के 6 महीने पश्चात इंडियन रिलीफ एक्ट पारित किया गया |

आज के दिन